प्रेस विज्ञप्ति
बिहार पुलिस मुख्यालय
दिनांक–03.07.2023

श्रावणी मेला–2023

- इस वर्ष श्रावण मास दिनांक 04.07.2023 को प्रारम्भ हो रहा है। मलमास माह होने के कारण इस वर्ष श्रावण मास 59 दिनों का होगा तथा दिनांक 31.08.2023 को सम्पन्न होगा।
- इस बार श्रावण मास में 08 सोमवारी है।
- जैसा कि विदित है राज्य के सुल्तानगंज से काँवरिया गंगा नदी से जल लेकर पदयात्रा कर झारखण्ड राज्य में अवस्थित बाबा बैद्यनाथ धाम जलाभिषेक करने जाते हैं। यद्यपि बैधनाथ धाम झारखण्ड राज्य में अवस्थित है किन्तु काँवरियों के काँवर यात्रा का अधिकांश मार्ग बिहार के बाँका, भागलपुर तथा मुंगेर जिले में पड़ता है। इस काँवर यात्रा में श्रद्धालुओं की अपार संख्या के दृष्टिकोण से मार्ग में उनकी सुविधा तथा सुरक्षित यात्रा हेतु प्रत्येक स्तर से व्यापक प्रबन्धन किया जाता है।
- बल/दण्डाधिकारी की प्रतिनियुक्ति, चिकित्सा दल, एम्बुलेन्स, अग्निशमन, क्यू0आर0टी0, पुलिस गश्ती, जगह जगह पर पुलिस शिविर, यथा आवश्यकता एण्टी सैबोटेज जाँच, पुलिस नियंत्रण कक्ष इत्यादि का वृहद प्रबन्धन स्थानीय प्रशासन के स्तर से किया जाता है।
- इसके अतिरिक्त राज्य के अन्य जिलों में भी अवस्थित प्रमुख शिवालयों यथा मुजफ्फरपुर बाबा गरीब नाथ मन्दिर, बक्सर बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ मन्दिर, सारण बाबा हरिहर नाथ मन्दिर, सिवान बाबा महेन्द्र नाथ मन्दिर, मोतिहारी, अरेराज सोमेश्वर नाथ मन्दिर, मधेपुरा सिंहेश्वर स्थान मन्दिर इत्यादि स्थानों पर भी सामान्य दिनों तथा विशेष कर सोमवारी को होने वाली भीड़ के दृष्टिकोण से भीड़ नियंत्रण, विधि व्यवस्था संधारण तथा सुरक्षा हेतु सभी आवश्यक प्रशासनिक प्रबन्धन किये जा रहे हैं।
- सभी स्थानों पर स्थानीय प्रशासन के द्वारा किये जा रहे प्रबन्धन/स्थानीय बलों की प्रतिनियुक्ति के अतिरिक्त बिहार पुलिस मुख्यालय से राज्य के 16 जिलों तथा 02 रेल जिलों अर्थात कुल 18 जिलों (बाँका, मुंगेर, भागलपुर, मुजफ्फरपुर, मधेपुरा, मोतिहारी, जमुई, लखीसराय, शेखपुरा, सारण, बेगूसराय, बक्सर, मधुबनी, नवगछिया, वैशाली, खगड़िया, रेल जमालपुर, रेल पटना) में अतिरिक्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गयी है, जो निम्नलिखित हैः–

  1. पदाधिकारी–305
  2. लाठी बल–1555
  3. गृह रक्षक–3450
  4. बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस–12 कम्पनी
  5. अश्वारोही दल–05 सेक्शन
  6. अश्रु गैस दस्ता–03 सेक्शन
  7. यातायात–25

- राज्य पुलिस श्रावणी मेला में श्रद्धालुओं के महाकुम्भ के दृष्टिकोण से सजग और तत्पर है। आम जन से भी अपील है कि प्रशासन का सहयोग करें। कहीं किसी स्थान पर, उनके आस पास कोई सन्दिग्ध गतिविधि, सन्दिग्ध व्यक्ति अथवा वस्तु दिखती है तो अविलम्ब पुलिस को सूचित करें।

XXXXXXXXX